# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 09.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा का चार दिवसीय सत्र आज से शुरु, प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने नव निर्वाचित विधायकों को दिलायी शपथ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एलआईसी की बीमा सखी योजना का करेंगे शुभारंभ, 18 से 70 वर्ष की आयु की महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल।
- देवघर बाबा मंदिर के गर्भगृह और शिवलिंग की पौराणिकता से छेड़छाड़ का आरोप, उपायुक्त ने दिये जांच के आदेश, एसडीओ से मांगी रिपोर्ट।
- बीएसएफ की महिला जवानों का 20 सदस्यीय दल राफ्टिंग अभियान पर पहुंचा राजमहल गंगा घाट, स्वच्छ गंगा और महिला सशक्तीकरण का दिया संदेश।
- बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ का झारखंड में असर शुरु, रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर हो रही है बारिश।

**********************

झारखंड विधानसभा का चार दिनों का विशेष सत्र आज से शुरु हो गया है। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। विधानसभा में सबसे पहले बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शपथ ली।

नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कल होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को विधानसभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद चालू वित्त वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा।

**********************

सत्र में भाग लेने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से कहा कि एनडीए सशक्त विपक्ष का भूमिका निभायेगा। श्री मरांडी ने कहा कि विपक्ष सरकार के हर कदम की पहरेदारी करेगा।

**********************

पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा से राज्यवासियों की उम्मीदें जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर वे सदन में मुखर रहेंगे।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारतीय जीवन बीमा निगम–एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। जयपुर में राईजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हम सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन का मंत्र लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने मैनुफैक्चरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

देवघर बाबा मंदिर के गर्भगृह और शिवलिंग की पौराणिकता से छेड़छाड़ का आरोप मंदिर के पुरोहितों ने लगाया है। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। उपायुक्त विशाल सागर ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। उन्होंने मंदिर प्रभारी सह देवघर के अनुमंडल पदाधिकारी से जांच प्रतिवेदन मांगा है। उपायुक्त ने कहा है कि जांच में दोषी पाये जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी। पंडा धर्मरक्षिणी और सरदार पंडा का आरोप है कि बाबा मंदिर को बंद कर सफाई के नाम पर शिवलिंग पर किसी चीज का लेप लगाया गया तथा गर्मगृह में टूटे हुए कुछ टाइल्स बदले गये हैं। पुरोहितों का कहना है कोर्ट के आदेशानुसार मंदिर के गर्भगृह में किसी प्रकार का कार्य करने से पहले मंदिर प्रशासन और पुरोहित समाज और सरदार पंडा की स्वीकृति लेना अनिवार्य है।

**********************

नमामि गंगे अभियान के तहत बीएसएफ की महिला कैडेटों का 20 सदस्यीय दल महिला राफ्टिंग अभियान पर साहिबगंज जिले के राजमहल स्थित सिंधी दलान घाट पहुंचा। राजमहल के अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार ने उनका स्वागत किया और साहेबगंज में नमामि गंगे परियोजना के तहत किये जा रहे कार्य को उनके साथ साझा किया। महिला राफ्टिंग अभियान में शामिल बीएसएफ की उप निरीक्षक प्रियंका ने बताया कि सशक्त महिला, समृद्ध राष्ट्र, स्वच्छ गंगा और जीवन गंगा इस अभियान का संदेश है।

**********************

बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के विरूद्ध पश्चिम बंगाल में रोष बढ़ता जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारतीय सनातन समाज के बैनर तले विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों ने आक्रोश मार्च निकाला। मौके पर सनातन समाज के शिव शंकर सिंह ने केन्द्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया।

**********************

चतरा जिले में पोस्ते की खेती के खिलाफ पुलिस ने जनजागरुकता अभियान शुरु किया है।

**********************

बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में दिखने लगा है। राजधानी रांची, पलामू, चाइबासा, गुमला, रामगढ़ और बोकारो समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई। रांची समेत कई जिलों में बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्यभर में घना कोहरा छाने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

**********************